दिन–रविवार  दिनांक– 15 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।  अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छह वंदे भारत रेलगाडियों का शुभारम्भ किया। बिहार को तीन नई ट्रेन की सौगात मिली।

02. प्रधानमंत्री ने पीएम ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों के लिए पहली किस्त जारी की। डिजिटल माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में बत्तीस करोड़ रुपए भेजे गए।

03. प्रदेश में मॉनसून के सक्रिय होने से रोहतास, औरंगाबाद और गया में भारी बारिश दर्ज की गई।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटो के दौरान दक्षिण बिहार के कई हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज रांची हवाई अड्डे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छह सौ करोड़ रूपये से अधिक की रेल परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने पटना–टाटा नगर, भागलपुर–हावड़ा और गया–हावड़ा सहित छह वंदेभारत रेलगाडियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री मोदी ने देवघर से गया होते हुए वाराणसी के लिए भी वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वंदेभारत रेलगाड़ियों के चलने से झारखंड और पड़ोसी राज्यों सहित देश के पूर्वी क्षेत्रों में आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में तेजी आएगी। श्री मोदी ने कहा कि इन रेलगाड़ियों से पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी।

–––बाईट–––

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम आवास योजना–ग्रामीण के तहत राज्य के एक लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त के रूप मे चालीस–चालीस हजार रूपये की राशि भी हस्तांतरित की। श्री मोदी ने कहा कि अगले पांच वर्षों में दो करोड़ अतिरिक्त मकानों का निर्माण किया जाएगा।

–––बाईट–––

पीएम आवास योजना के तहत हजारों लोगों को पक्का घर बना कर दिया गया है। घर के साथ–साथ उन्हे शौचालय, पानी, बिजली, गैस कनेक्शन की सुविधा भी दी गई है। इससे झारखंड के लोगों को सिर्फ पक्के घर ही नहीं मिल रहे पीएम आवास योजना से गावों को और शहरों में बडी संख्या में रोजगार के अवसर भी तैयार हो रहे हैं।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुरू की गई वंदे भारत ट्रेन में सफर कर रहे स्कूली बच्चों ने इसे आत्मनिर्भर भारत का परिचायक बताया।

———बाईट———

भागलपुर–हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का परिचालन सत्रह सितंबर से नियमित रूप से किया जाएगा। वहीं, गया–हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का नियमित परिचालन अठारह सितंबर से और पटना– टाटानगर वंदे भारत ट्रेन का परिचालन बाईस सितंबर से शुरू होगा। प्रधानमंत्री के वीडियों कॉन्फ्रेंस से वंदे भारत ट्रेनों के शुभारम्भ कार्यक्रम में पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल हुए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ दानापुर मंडल के डीआरएम जयंत कुमार चौधरी सहित रेलवे के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। भागलपुर में भागलपुर–हावड़ा वंदे भारत के उद्घाटन समारोह में रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू जबकि गया जंक्शन पर गया–हावड़ा ट्रेन के शुभारम्भ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी शामिल हुए।

———————————————————————

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की है कि वे अगले दो दिन में मुख्यमंत्री पद से त्याग–पत्र दे देंगे। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों में अगले मुख्यमंत्री के बारे में निर्णय लेने के लिए आम आदमी पार्टी विधायकों की बैठक होगी। श्री केजरीवाल ने मांग की कि अगले वर्ष फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा के चुनाव इस वर्ष नवंबर में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के साथ ही कराए जाएं। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि श्री केजरीवाल को यह बताना चाहिए कि उन्होंने पहले इस्तीफा क्यों नहीं दिया।

———बाईट———

वहीं, जनता दल युनाईटेड कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने आज कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को बरी नहीं किया गया है बल्कि उन्हें जमानत पर छोड़ा गया है।

———बाईट———

————————————————————————————

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि नीतीश कुमार सरकार हर मोर्चे पर विफल है। आज मधुबनी में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था की स्थिति बहुत खराब है। राजद नेता ने कहा कि राज्य में लगातार हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है और पुलिस इस पर नियंत्रण पाने में विफल है।

————————————————————————————

राज्य में बढ़ते आपराध को लेकर राजद की ओर से आज राजभवन मार्च निकाला गया। मार्च में बढ़ी संख्या में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। हालांकि पुलिस ने इनकम टैक्स चौराहे पर राजद के मार्च को रोक दिया। इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने प्रदेश में कानून व्यवस्था के पूरी तरह ध्वस्त होने पर नीतीश सरकार की आलोचना की।

————————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने राष्ट्रीय जनता दल के विरोध मार्च को दिखावा बताया है। उन्होंने कहा कि राजद के लोग बिहार के बारे में गलत धारना बनाने का प्रयास कर रहे है।

————————————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा पच्चीस सितंबर से बिहार यात्रा पर निकलेंगे। श्री कुशवाहा ने आज पटना में संवाददाताओं को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहले चरण में उनकी यात्रा जहानाबाद से शुरू होकर औरंगाबाद, रोहतास, भोजपुर होते हुए उनतीस सितम्बर को सारण में समाप्त होगी।

———————————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान दक्षिण—पश्चिम मॉनसून की गतिविधियां सक्रिय रही। इस दौरान प्रदेश के रोहतास, औरंगाबाद और गया जिले मे बहुत भारी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहतास के इन्द्रपुरी में सबसे अधिक एक सौ इकतालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं, गया के डुमरिया में एक सौ उन्नीस, औरंगाबाद के नबीनगर में एक सौ अठारह दशमलव चार और बेगूसराय के नावकोठी में एक सौ दस मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान रोहतास, औरंगाबाद, गया और सारण जिले के कुछ स्थानों में अत्यधिक भारी भारी बारिश हो सकती है। इसे देखते हुए विभाग ने इन जिलो के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———बाईट———

———————————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और वक्फ विधेयक को लेकर गठित संयुक्त समिति के सदस्य सैयद नासिर हुसैन ने भाजपा पर वक्फ बोर्ड के खिलाफ भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। श्री हुसैन आज वक्फ विधेयक पर एक सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पटना पहुंचे थे।

———बाईट———

इस सम्मेलन का आयोजन ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और इमारते—ए—शरिया बिहार, झारखंड, ओडिशा ने संयुक्त रूप से किया था।

———————————————————————————

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत पटना और सीतामढ़ी में पोषण जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पटना के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। शिक्षा चौपाल में लड़के और लड़कियों को समान शिक्षा और समान रूप से पालन—पोषण के लिए जागरूक किया गया। वहीं, सीतामढ़ी में आयोजित

पोषण मेला में विभिन्न विभागों की ओर से लोगों को पोषण से संबंधित जानकारी दी गई।

———————————————————————

आज अभियंता दिवस मनाया गया। यह दिन भारत रत्न से सम्मानित अभियंता एम. विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। प्रदेश में आज कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। बिहार राज्य अभियंत्रण सेवा संघ द्वारा पटना में आयोजित कार्यक्रम उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा भी शामिल हुए।

———————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने आज पटना जिले के फुलवारीशरीफ अंचल अन्तर्गत कुरकुरी में हेल्थ एण्ड वेलनेस केन्द्र में आयोजित समारोह में राज्य के एक हजार प्रतिरक्षण कॉर्नरों का शुभारंभ किया। इन केन्द्रों पर महीने में बारह दिन टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध होगी।

———————————————————————

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण इरडा के सदस्य सह लाईफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एन. गजपति राव ने केंद्र सरकार से बीमा योजना मे धारकों पर लग रहे जीएसटी को कम करने की मांग की है। श्री राव आज समस्तीपुर में एल.आई.सी एजेंटो के एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार को इस पर जल्द निर्णय लेना चाहिए।

———बाईट———

———————————————————————

किशनगंज से सिलीगुड़ी जा रही एक डेमू ट्रेन के इंजन में आग लगने से यात्रियों में अफरा–तफरी मच गई। फरिंगगोला के पास इंजन के ऊपर धुआं उठता देख कर लोको पायलट ने ब्रेक लगा कर ट्रेन को रोक दिया। बाद मे रेल कर्मियों और

एसएसबी के जवानों ने आग पर काबू पाया। हालाकि इस आगलगी की घटना में किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

———————————————————————

अररिया जिले के आरएस थाना क्षेत्र के हड़ियाबाड़ा में आज हाई वोल्टेज तार टूटकर गिरने से दस से अधिक लोग झुलस गए। वहीं, कई घरों में बिजली से चलने वाले उपकरण भी प्रभावित हुए। बाद में पुलिस बलों ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। सभी की हालत खतरें से बाहर बताई गई है। अररिया सदर विधायक अबिदुर रहमान ने सदर अस्पताल पहुंच कर घायलों से मुलाकात की। विधायक ने इस घटना के लिए जिम्मेदार विद्युत विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

———————————————————————

नालंदा जिले मे आज अलग–अलग घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई।

किशनगंज में उत्पाद विभाग की टीम ने चकला खान चौक पर जाँच के दौरान एक वाहन से छियानवें लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं, अररिया जिले के सिकटी और बैरगाछी थाना पुलिस ने छापेमारी कर एक सौ लीटर शराब बरामद की है।

———————————————————————

रोहतास के नए पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने आज अपना प्रभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से जिले में विधि–व्यवस्था को दुरूस्त रखने की पूरी कोशिश की जायेगी।

———————————————————————

शेखपुरा में सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान लोक कलाकारों की ओर से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छह वंदे भारत रेलगाडियों का शुभारम्भ किया। बिहार को तीन नई ट्रेन की सौगात मिली।

02. प्रधानमंत्री ने पीएम ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों के लिए पहली किस्त जारी की। डिजिटल माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में बत्तीस करोड़ रुपए भेजे गए।

03. प्रदेश में मॉनसून के सक्रिय होने से रोहतास, औरंगाबाद और गया में भारी बारिश दर्ज की गई।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटो के दौरान दक्षिण बिहार के कई हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

समाप्त